Tender Heart High School, Sector - 33 B Chandigarh

कक्षा - दूसरी विषय - हिन्दी


उपविषय - 'विलोम शब्द' (Opposite Word) तिथि : 14.10.24

टीचर - सुमन शर्मा


सुप्रभात बच्चो !

यह पाठ कक्षा - दूसरी, विषय - हिन्दी, उपविषय - 'विलोम शब्द' से लिया गया है। यह पाठ आपको 14 अक्तूबर, 2024 को भेजा जाएगा।


बच्चो ! आज हम 'विलोम शब्द' यानि कि उलटे अर्थ वाले शब्दों के बारे में पढ़ेंगे। आइए कुछ उदाहरणों द्वारा समझते हैं।




बंद खुला



साफ़ गंदा



ऊपर नीचे



लंबा छोटा

कक्षा - दूसरी        विषय - हिन्दी

उपविषय - 'विलोम शब्द'        टीचर - सुमन शर्मा

ऊपर लिखे शब्दों में बंद - खुला, साफ़ - गंदा, ऊपर - नीचे तथा लंबा - छोटा आदि शब्द एक-दूसरे के उलटे अर्थ बता रहे हैं।
एक - दूसरे का उलटा अर्थ बताने वाले शब्द विलोम शब्द कहलाते हैं।
बच्चो, अब पाँच मिनट की ब्रेक लेते हैं। ब्रेक लेने से पहले मैं आपसे कुछ प्रश्न पूछने जा रही हूँ जिनके उत्तर आप अपनी हिन्दी व्याकरण की नोटबुक में लिखेंगे।

प्र०1. एक - दूसरे का उलटा अर्थ बताने वाले शब्द क्या कहलाते हैं?

प्र०2. निम्नलिखित शब्दों के विलोम शब्द लिखिए —

1) दिन  2) दूर  3) सूखा  4) बंद।

बच्चो! अब आप ब्रेक ले सकते हैं।

(ब्रेक का समय समाप्त)

बच्चो! अब अपने विषय की चर्चा को आगे बढ़ाने से पहले मैं आपको ऊपर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर बता देती हूँ।

उ०1. एक-दूसरे का उलटा अर्थ बताने वाले शब्द विलोम शब्द कहलाते हैं।

कक्षा - दूसरी विषय - हिन्दी

उपविषय - 'विलोम शब्द' टीचर - सुमन शर्मा

उ० 2. दिन - रात, दूर - पास, सूखा - गीला, बंद - खुला।

बच्चो, आइए कुछ और विलोम शब्द पढ़ते हैं।

| शब्द | | विलोम शब्द |
|---|---|---|
| 1. | जीत | हार |
| 2. | दूर | पास |
| 3. | बड़ा | छोटा |
| 4. | ऊपर | नीचे |
| 5. | सूखा | गीला |
| 6. | गरम | ठंडा |
| 7. | दिन | रात |
| 8. | चढ़ना | उतरना |
| 9. | बंद | खुला |
| 10. | गंदा | साफ़ |

(नोटबुक में लिखें व याद करें)

शब्द के जिस रूप से उसके एक या अनेक होने का पता चले, उसे वचन कहते हैं।

वचन दो प्रकार के होते हैं–

वचन

| एकवचन (Singular) | बहुवचन (अनेक) (Plural) |
|---|---|
| शब्द के जिस रूप से केवल एक व्यक्ति या वस्तु के होने का पता चले, उसे एकवचन कहते हैं। जैसे- झूला, पंखा, पत्ता। | शब्द के जिस रूप से एक से अधिक व्यक्तियों या वस्तुओं के होने का पता चले, उसे बहुवचन कहते हैं। जैसे- झूले, पंखे, पत्ते। |

बच्चों! चलिए अब पाँच मिनट की ब्रेक लेते हैं। ब्रेक लेने से पहले मैं आपसे कुछ प्रश्न पूछने जा रही हूँ जिनके उत्तर ब्रेक के दौरान आप अपनी नोटबुक में लिखोगे।

प्रश्न 1. शब्द के जिस रूप से उसके एक या अनेक होने का पता चले, उसे क्या कहते हैं?

प्रश्न 2. वचन कितने प्रकार के होते हैं?

(ब्रेक समाप्त)

बच्चो! आगे बढ़ने से पहले मैं आपको ऊपर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर बता देती हूँ।

आइए, कुछ और एकवचन तथा बहुवचन शब्द जानें।

| | एकवचन (एक) | बहुवचन (अनेक) |
|---|---|---|
| 1. | धागा | धागे |
| 2. | कमरा | कमरे |
| 3. | बस्ता | बस्ते |
| 4. | बच्चा | बच्चे |
| 5. | पंखा | पंखे |
| 6. | डिब्बा | डिब्बे |
| 7. | किरण | किरणें |
| 8. | बूँद | बूँदें |
| 9. | पेंसिल | पेंसिलें |
| 10. | आवाज़ | आवाज़ें |

| एकवचन | बहुवचन |
| --- | --- |
| 11. मेज़ | मेज़ें |
| 12. चीज़ | चीज़ें |
| 13. कली | कलियाँ |
| 14. चिड़िया | चिड़ियाँ |

गृहकार्य → ऊपर लिखे गए एकवचन तथा बहुवचन शब्दों को अपनी हिन्दी नोटबुक में लिखें व याद करने का प्रयास करें।